उन्होंने मुहम्मद के बारे में क्या कहा (3 का भाग 2)

रेटिंग:

विवरण:

श्रेणी: लेख इस्लाम के फायदे इस्लाम, मुहम्मद और क़ुरआन के बारे में दूसरे लोग क्या कहते हैं

श्रेणी: लेख पैगंबर मुहम्मद उनकी विशेषताएं

द्वारा: iiie.net (edited by IslamReligion.com)

पर प्रकाशित: 04 Nov 2021

अंतिम बार संशोधित: 04 Nov 2021

लैमार्टाइन, हिस्टोइरे डे ला टर्क्वि, पेरिस 1854, खंड 2, पृष्ट 276-77:

"यदि उद्देश्य की महानता, साधनों का कम होना, और आश्चर्यजनक परिणाम मानव प्रतिभा के तीन मानदंड हैं, तो आधुनिक इतिहास में किसी भी महान व्यक्ति की तुलना मुहम्मद के साथ करने की हिम्मत कौन कर सकता है? सबसे प्रसिद्ध पुरुषों ने ही हथियार, कानून और साम्राज्य बनाए। अगर उन्होंने किसी चीज की स्थापना की, तो वह भौतिक शक्तियों से अधिक कुछ नहीं था, जो अक्सर उनकी आंखों के सामने टूट जाती थीं। इस व्यक्ति ने न केवल सेनाओं, विधानों, साम्राज्यों, लोगों और राजवंशों को, बल्कि उस समय के एक तिहाई विश्व में लाखों लोगों को स्थानांतरित किया; और इससे भी अधिक, उन्होंने वेदियों, देवताओं, धर्मों, विचारों, विश्वासों और आत्माओं को स्थानांतरित किया... विजय में सहनशीलता, उनकी महत्वाकांक्षा पूरी तरह से एक विचार के लिए समर्पित थी और किसी भी तरह से एक साम्राज्य के लिए नहीं थी; उनकी अंतहीन प्रार्थनाएं, ईश्वर के साथ उनकी रहस्यवादी बातचीत, उनकी मृत्यु और मृत्यु के बाद उनकी जीत; ये सभी किसी धोखे की नहीं बल्कि एक दृढ़ विश्वास की गवाही देते हैं जिसने उन्हें एक हठधर्मिता को बहाल करने की शक्ति दी। यह हठधर्मिता दो तरह की थी, सिर्फ एक ईश्वर और ईश्वर की अमूर्तता; पहला बताता है कि ईश्वर क्या है, बाद वाला बताता है कि ईश्वर क्या नहीं है; एक तलवार से झूठे देवताओं को उखाड़ फेंकता है और दूसरा शब्दों के साथ एक विचार शुरू करता है।"

"दार्शनिक, वक्ता, ईश्वर दूत, कानून निर्माता, योद्धा, विचारों के विजेता, तर्कसंगत सिद्धांतों के पुनर्स्थापक छवियों के बिना पंथ के; बीस स्थलीय साम्राज्यों और एक आध्यात्मिक साम्राज्य के संस्थापक, वह मुहम्मद हैं। जहां तक उन सभी मानकों का संबंध है जिनके द्वारा मानव महानता को मापा जा सकता है,

हम भलीभांति पूछ सकते हैं कि क्या उनसे बड़ा कोई मनुष्य है?"

एडवर्ड गिब्बन और साइमन ओक्ले, सारासेन साम्राज्य का इतिहास, लंदन, 1870, पृ. 54:

"यह उनके धर्म का प्रचार नहीं है, जो हमारे आश्चर्य का पात्र है, जो शुद्ध और पूर्ण छाप जो उन्होंने मक्का और मदीना में उकेरी थी वह संरक्षित है, क़ुरआन के भारतीय, अफ्रीकी और तुर्की मतधारकों द्वारा बारह शताब्दियों की क्रांति के बाद भी। मुसलमान[1] ने समान रूप से मनुष्य की इंद्रियों और कल्पना के साथ अपने विश्वास और भक्ति की वस्तु को एक स्तर तक कम करने के प्रलोभन का सामना किया है। 'मैं एक ईश्वर और महोमेट द एपोस्टल ऑफ गॉड में विश्वास करता हूं, इस्लाम की सरल और अपरिवर्तनीय प्रतिज्ञा है। किसी भी दृश्य मूर्ति द्वारा देवता की बौद्धिक छवि को कभी भी खराब नहीं किया गया है; पैगंबर के सम्मान ने कभी भी मानवीय गुणों के माप का उल्लंघन नहीं किया है, और उनके जीवित उपदेशों ने उनके शिष्यों की कृतज्ञता को तर्क और धर्म की सीमा के भीतर रोक दिया है।"

बोसवर्थ स्मिथ, मोहम्मद और मोहम्मदनिज्म, लंदन 1874, पृष्ट 92:

"वह सीज़र और पोप दोनो थे; लेकिन वह पोप के ढोंग के बिना पोप और सीज़र की सेना के बिना सीज़र थे: स्थायी सेना के बिना, महल के बिना, निश्चित राजस्व के बिना; यदि किभी किसी को यह कहने का अधिकार था कि वह सही परमात्मा द्वारा शासित है, तो वह मोहम्मद थे, क्योंकि उनके पास बिना उपकरणों और समर्थन के बिना सारी शक्ति थी।"

एनी बेसेंट, दी लाइफ एंड टीचिंग ऑफ़ मुहम्मद, मद्रास 1932, पृष्ट 4:

"जो कोई भी अरब के महान पैगंबर के जीवन और चरित्र का अध्ययन करता है, उसके लिए ईश्वर के महान दूतों में से एक, उस शक्तिशाली पैगंबर के प्रति श्रिद्धा के अलावा कुछ भी महसूस करना असंभव है। और यद्यपि जो कुछ मैं तुमसे कहता हूं, उसमें मैं बहुत सी ऐसी बातें कहूंगा जो बहुतों से परिचित हो सकती हैं, फिर भी जब भी मैं उन्हें दोबारा पढ़ता हूं, तो मैं खुद को महसूस करता हूं, प्रशंसा का एक नया तरीका, उस शक्तिशाली अरब शिक्षक के लिए सम्मान की एक नई भावना।

डब्ल्यू. मोंटगोमरी, मुहम्मद अट् मक्का, ऑक्सफोर्ड 1953, पृष्ट 52:

"अपने विश्वासों के लिए उत्पीड़न से गुजरने की उनकी तत्परता, उन लोगों का उच्च नैतिक चरित्र जो उन पर विश्वास करते थे और उन्हें नेता के रूप में देखते थे, और उनकी अंतिम उपलब्धि की महानता - सभी उनकी मौलिक अखंडता का तर्क देते हैं। मुहम्मद को धोखेबाज मानना, समस्याएं हल करने से ज्यादा बढ़ाता है। इसके अलावा, पश्चिम में इतिहास के किसी भी महान व्यक्ति की इतनी कम सराहना

नहीं की जाती है जितनी मुहम्मद की, की जाती है।

जेम्स ए. माइकनर, 'इस्लाम: द मिसअंडरस्टूड रिलिजन' इन रीडर्स डाइजेस्ट (अमेरिकी संस्करण), मई 1955, पृष्ट 68-70:

"इस्लाम की स्थापना करने वाले प्रेरित व्यक्ति मुहम्मद जो 570 ईस्वी के आसपास एक अरब जनजाति में पैदा हुए थे। जहां लोग मूर्तियों की पूजा करते थे। जन्म के समय अनाथ, वह हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों, विधवा और अनाथों, दासों और दलितों के लिए विशेष रूप से याचना करते थे। बीस साल की उम्र में ही वह एक सफल व्यवसायी थे, और जल्द ही एक अमीर विधवा के लिए ऊंट कारवां के निदेशक बन गए। जब वे पच्चीस वर्ष के हुए, तो उनके नियोक्ता ने उनकी योग्यता को पहचानते हुए विवाह का प्रस्ताव रखा। भले ही वह उनसे पंद्रह वर्ष बड़ी थी, मुहम्मद ने उससे शादी की, और जब तक वह जीवित रही, वह एक समर्पित पति बने रहे।

"अपने से पहले के लगभग हर प्रमुख पैगंबर की तरह, मुहम्मद ने अपनी अपर्याप्तता को भांपते हुए, ईश्वर के वचन को कहने वाले के रूप में सेवा करने से कतरा रहे थे। लेकिन स्वर्गदूत ने 'पढ़ने' को कहा। जहाँ तक हम जानते हैं, मुहम्मद पढ़ने या लिखने में असमर्थ थे, लेकिन उन्होंने उन प्रेरित शब्दों को निर्देशित करना शुरू कर दिया जिसने जल्द ही पृथ्वी के एक बड़े हिस्से में क्रांति ला दी: "ईश्वर एक है।"

"हर बात में मुहम्मद बहुत व्यावहारिक थे। जब उनके प्यारे बेटे इब्राहिम की मृत्यु हुई, तो एक ग्रहण हुआ, और ईश्वर की व्यक्तिगत संवेदना की अफवाहें तेजी से उठीं। जिसके बारे में कहा जाता है कि मुहम्मद ने घोषणा की थी, 'ग्रहण प्रकृति की एक घटना है। ऐसी बातों का श्रेय मनुष्य की मृत्यु या जन्म को देना मूर्खता है।'

"मुहम्मद की मृत्यु पर उन्हें देवता मानने का प्रयास किया गया था, लेकिन जिस व्यक्ति को उनका प्रशासनिक उत्तराधिकारी बनना था, उन्होंने धार्मिक इतिहास के सबसे महान भाषणों में से एक भाषण दिया और उन्माद को खत्म कर दिया: 'यदि आप में से कोई है जो मुहम्मद की पूजा करता है, तो वह मर चुके हैं। लेकिन आपने ईश्वर की पूजा की है, तो वह हमेशा रहेगा।'"

माइकल एच. हार्ट, द 100: इतिहास में सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की रैंकिंग, न्यूयॉर्क: हार्ट पब्लिशिंग कंपनी, इंक. 1978, पृष्ट 33:

"दुनिया के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची का नेतृत्व करने के लिए मुहम्मद की मेरी पसंद कुछ पाठकों को आश्चर्यचकित कर सकती है और दूसरों द्वारा पूछताछ की जा सकती है, लेकिन वह इतिहास में एकमात्र व्यक्ति थे जो धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष दोनों स्तरों पर सर्वोच्च सफल थे।"

फुटनोट:

[1] मुसलमान और मुहम्मदनवाद शब्द एक मिथ्या नाम है जिसे प्राच्यवादियों ने इस्लाम की समझ की कमी के कारण मसीह और ईसाई धर्म क
अनुरूप पेश किया है।

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/hi/articles/197

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।